मैं तो दीवाना हुआ सँवारे तेरे लिए

मैं तो दीवाना हुआ सँवारे तेरे लिए,
तुझपे कुर्बान मेरी जान मेरी जान सँवारे,
जग से बेगाना हुआ सँवारे तेरे लिए,
मैं तो दीवाना हुआ सँवारे तेरे लिए,

भोली सी सूरत पे बांकी अदा रे बांकी अदा,
मनवा को मोहे तेरी जानकी सदा,
दर्शन किया रे जीवन अर्पण किया,
ले समर्पण किया,
कितना बेचैन हुआ सँवारे तेरे लिए,
मैं तो दीवाना हुआ सँवारे तेरे लिए,

नैन कटीले तेरे ऐसे नचे रे ऐसे नचे,
इनके जादू से कोई कैसे बचे,
ज्ञानी बचे न कोई ध्यानी बचे न आज्ञानी बचे,
मीठी मुश्कान हुआ सँवारे तेरे लिए,
मैं तो दीवाना हुआ सँवारे तेरे लिए,

पप्पू शर्मा पे ये असर हो गया,
चरणों में जीवन ये बसर हो गया,
रंग मिला रे तेरा संग मिला जीने का ढंग मिला,
फिर से जवान हुआ सँवारे तेरे लिए,
मैं तो दीवाना हुआ सँवारे तेरे लिए,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4907/title/main-to-diwana-huya-sanware-tere-liye-tujhpe-kurban-meri-jaan-meri-jaan-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |